राजस्थान पत्रिका

झुंझुनूं पत्रिका

नवलगढ़ . चिड़ावा . खेतड़ी . उदयपुरवाटी . गुढ़ा . बिसाऊ . बगड़ . सूरजगढ़ . मलसीसर . पिलानी

झुंझुनूं पत्रिका 10 राजस्थान पत्रिका patrika.com

चिड़ावा.पिलानी.खेतड़ी.गुढ़ा.

सीरी में सेमिकंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन कार्यशाला का समापन

पिलानी. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान (सीरी) में डीएसटी-एसईआरबी की ओर से आयोजित सेमि कंडक्टर डिवाइस फैब्रिकेशन प्रशिक्षण कार्यशाला का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह में संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर चंद्रशेखर मुख्य अतिथि थे। संस्थान निदेशक डा. पी सी पंचारिया ने अध्यक्षता की। अतिथियों ने सम्बोधित करते हुए देश में सेमिकंडक्टर में अभूतपूर्व संभावनाओं पर चर्चा की तथा इस क्षेत्र में दक्ष एवं कुशल जनशक्ति की आवश्यकता जताई। उन्होने देश के कॉलेजों में सेमिकंडक्टर प्रशिक्षण संबंधी सीमाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य वैज्ञानिक डा. अभिजीत कर्माकर, पी एम ई प्रमुख डा. प्रमोद तंवर, प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण, वित्त एवं लेखा नियंत्रक जय प्रकाश इन्दौरा, सहित ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईआईटी-एनआईटी सहित देश भर के प्रमुख इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों से 25 एमएससी, एम टेक व पीएचडी छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इस मौके प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।